generation of power from non-conventional sources of energy;

(b) if so, what are the details thereof;

(c) if not, what are the reasons therefor keeping in view of present energy crisis;

(d) whether Government are aware of the Solar Pond Project being erected in Bhuj in Gujarat State;

(e) if so, what are the details thereof; and

(f) in what manner Government would utilise this knowledge for expansion of Solar Pond Projects?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND CHEMICALS (SHRI M.S. GURUPADASWAMY): (a) ana (b) Solar Pond Projects have been undertaken as research and demonstration projects for supply of process heat and hot water. The projects involve a total outlay of over Rs. 70.5 lakhs. The total pond area involved is over 6700 sq.m.

(c) Solar Ponds are a low temperature heat source, and the cost of power generation from this source is presently uneconomical.

(d) Yes, Sir.

(c) A Solar Pond of over 6000 sq.m. area and 4 m. depth is being developed at Bhuj as a research and demonstration project for supply of process heat, at a cost of over Rs. 62 lakhs.

(f) Depending upon technical feasibility and economic viability, the results of the research and demonstration programmes could be used for supply of process heat and hot water.

आई एल-62 विमान के केबिन में आयातित आक्सीजन का उपबंध

2059. **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल:** क्या नागर विमानन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि "वैट लीज" समझौते के अनुसार, भारत-सोवियत संघ क्षेत्र में चलने वाले आई० एल० 62 विमान के केबिन में आयातित आक्सीजन उपलब्ध की जाती है;

(ख) यदि नहीं, तो क्या विसंपीड़न की स्थिति में यह चालकों, कर्मीदल और यात्रियों के लिए भारी खतरा हो सकता है;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार "वैट लीज" समझौते की समीक्षा कर रही है; और

(घ) क्या इस क्षेत्र में एयर इंडिया का 747 जम्बो जैट विमान चलाना संभव है?

पेट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री एम० एस० गुरुपदस्वामी): (क) से (घ) इस प्रकार के विमान में आक्सीजन मास्क नहीं होते जो विसंपीड़न की स्थिति में स्वतः ही नीचे आ जाते हैं। तथापि, विमान में आक्सीजन बोतलों की व्यवस्था की जाती है। इस प्रकार के विमानों का प्रचालन एयरोफ्लोट के तंत्रजाल पर सभी तरफ किया जाता है। एक आईएल-62 एम यात्री विमान के पट्टे के लिए एयर इंडिया और एयरोफ्लोट के बीच मौजूदा करार 14 नवम्बर, 1990 तक वैध है। 747 विमान से इस सैक्टर पर परिचालन करना संभव है।

महाराष्ट्र में बायो-गैस और सौर ऊर्जा कार्यक्रम का कार्यान्वयन

2060. **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल:** क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) महाराष्ट्र के उन स्थानों के नाम क्या हैं जहां बायो-गैस और सौर ऊर्जा संबंधी कार्यक्रम कार्यान्वित किए गए हैं;

(ख) महाराष्ट्र के प्रत्येक जिले में अब तक स्थापित किए गए बायो-गैस और सौर ऊर्जा संयंत्रों की संख्या कितनी है; और

(ग) इन संयंत्रों से महाराष्ट्र के किन-किन जिलों के कितने गांव लाभान्वित हुए हैं?

पेट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री एम० एस० गुरुपदस्वामी): (क) से (ग) बायो-गैस संयंत्रों तथा सौर ऊर्जा प्रणालियों की संख्या तथा महाराष्ट्र में उन स्थानों के नाम (जिले) जहां ये लगाए गए हैं, का ब्यौरा विवरण में दिया गया है।

इस राज्य के 30 जिलों के लगभग 1300 गांव